SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
Term 1 Cass-notes
Subject: HINDI

CLASS: 6 L.No. 7(टिकट अलबम)
Prepared by:DEEPIKA MEHRA Given Date –
Prepared Date-

शब्द – अर्थ

चबेना – चबाने के लिए भुने हुए चने आदि

अगुवा – नेता

पगडंडी – पैदल चलने से बना रास्ता

टीपना – नकल लगाकर लिखना

घुड़की देना –धमकाना

बघारना – अपनी होशियारी दिखाने के लिए किसी बात की चर्चा करना

कोरस – एक साथ मिलकर गाना

खलना –बुरा लगना

साँकल खटकी – कुंडी की आवाज आना

प्रश्न -१) नागराजन ने अलबम के मुख्य पृष्ठ पर क्या लिखा और क्यों?इसका असर कक्षा के दूसरे लड़के – लड़कियों पर क्या पड़ा ?

उत्तर: नागराजन ने अलबम के मुख्य पृष्ठ पर मोती के अक्षरों से ' ऐ एम .' नागराजन लिखा था। नागराजन के इस अलबम को देख कक्षा के बाकी लड़के – लड़कियों ने अपनी – अपनी अलबम में ज्यों का त्यों छाप लिया । बच्चो को लगा जैसे नागराजन की अलबम में लिखा हुआ है उन्हे भी वैसा ही लिखना है इसलिए सभी बच्चों ने अपनी अलबम पर भी वैसे ही अक्षर लिख दिए।

प्रश्न २) नागराजन की अलबम हिट हो जाने पर राजप्पा के मन की क्या दशा हुई?

उत्तर: नागराजन की अलबम हिट होने की वजह से राजप्पा बहुत दुखी हो गया क्योंकि कक्षा के लड़के उसकी अलबम को कूड़ा कहने लगे। राजप्पा मन ही मन कुढ़ने लगा। पहले वह घर से बाहर भी निकल जाता था लेकिन अब तो उसने घर से बाहर निकलना भी बंद कर दिया था। उसे अब रात को नींद भी नहीं आती थी। नागराजन की एल्बम हिट होने की वजह से राजप्पा अपने आप में बहुत शर्मिंदगी महसूस कर रहा था।

प्रश्न-३) अलबम चुराते समय राजप्पा किस मानसिक स्थिति से गुजर रहा था?

उत्तर: अलबम चुराते समय राजप्पा बड़ी ही सामंजस्य की स्थिति में था वह चोरी करते समय बहुत डर रहा था उसे लग रहा था यदि वह पकड़ा गया तो क्या होगा। वह डर के मारे कांप रहा था परंतु ईर्ष्या के भाव में आकर अपने उसूलों को पीछे छोड़ कर एल्बम चुरा ली। नागराजन की अलबम हिट होने की वजह से उसने उसकी एल्बम को चुराया था। नागराजन की एल्बम की वजह से राजप्पा को बहुत शर्मिंदगी झेलनी पड़ी।

प्रश्न-४) राजप्पा ने नागराजन की अलबम को अँगीठी में क्यों डाल दिया?

उत्तर: नागराजन की अलबम हिट हो गई थी इस वजह से कक्षा के लड़के राजप्पा की एल्बम को कचरा कह कर पुकार रहे थे। राजप्पा इस बात से बहुत दुखी था उसने निर्णय किया कि वह नागराजन की अलबम को

चुरायेगा। राजप्पा ने अलबम को चुरा तो लिया लेकिन पुलिस के डर के कारण उसने अलबम को अँगीठी में डालकर जला दिया।

प्रश्न-५) लेखक ने राजप्पा के अलबम की तुलना मधुमक्खी के छत्ते से क्यों की?

उत्तर: राजप्पा की अलबम कुछ खास नहीं थी इसीलिए लेखक ने राजप्पा के एल्बम की तुलना मधुमक्खी के छत्ते से की। राजप्पा की अलबम में दुनिया भर की टिकट मौजूद थी और वह किसी मधुमक्खी के छत्ते से कम नहीं लग रही थी इसीलिए लेखक ने उसे मधुमक्खी का छत्ता का। राजप्पा अपनी अलबम को लेकर बहुत दुखी था।

भाषा की बात –

.

प्रश्न-१) निम्नलिखित शब्दों को कहानी में हूँढ़कर उनका अर्थ समझो। अब स्वयं सोचकर इनसे वाक्य बनाओ-

	शब्द	अर्थ		वाक्य प्रयोग
(क)	खोंसना	(फँसाना)	—	उसने साड़ी का पल्लू खोंस लिया।
(ख)	जमघट	(भीड़)	—	बंदर का खेल देखने के लिए बच्चों का जमघट लग गया।
(ग)	टटोलना	(ढूँढ़ना खोजना)	—	मैंने पूरी अलमारी टटोल ली पर कहीं कुछ नहीं मिला।
(घ)	कुढ़ना	(अपने आप पर गुस्सा करना)	—	अपनी बुराई सुनकर वह कुढ़ने लगा।
(ङ)	ठहाका	(जोर से हँसना)	—	चुटकुला सुनकर लोग ठहाका मारकर हँस पड़े।
(च)	अगुआ	(आगे चलने वाला)	—	गांधी जी आज़ादी दिलवाने वालों के अगुआ थे।
(छ)	पुचकारना	(सांत्वना देना, प्यार से बुलाना)	—	बच्चे को रोते देखकर माँ ने उसे पुचकारा।
(ज)	खलना	(बुरा लगना)	—	मुझे परीक्षा के दिनों में मेहमानों का घर आना खलता है।
(झ)	हेकड़ी	(अकड़/जबरदस्ती)	—	दो थप्पड़ पड़ते ही संजय सारी हेकड़ी भूल गया।
(ञ)	तारीफ़	(प्रशंसा)	—	नेहा के गुणों की सभी तारीफ़ करते हैं।

प्रश्न-२) कहानी से व्यक्तियों या वस्तुओं के लिए प्रयुक्त हुए 'नहीं' का अर्थ देने वाले शब्दों (नकारात्मक विशेषण) को छाँटकर लिखो। उनका उलटी अर्थ देने वाले शब्द भी लिखो।

नकारात्मक विशेषण	उलटा अर्थ देने वाले शब्द
घमंडी	स्वाभिमानी
फिसड्डी	बढ़िया
ईर्ष्यालु	स्पर्धालु, प्रेमी
बेशर्म	शरमीला
फालतू	आवश्यक
उतरा	चढ़ा
कीमती	सस्ता
चिंतित	निश्चिंत
भयानक	मनभावन